Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 13-12-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to provide relief measures in drought affected areas of Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, राजस्थान राज्य के 21 जिलों के लगभग 16 हजार से अधिक ग्राम भीाण अकाल की चपेट में हैं। देर से कराई गई गिरदावरी रिपोर्ट से पता चला है कि अलवर, बीकानेर, चुरू, जैसलमेर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, उदयपुर, सिरोही, जोधपुर समेत लगभग 21 जिलों में सुखे की स्थिति है। इन अकालग्रस्त 16 हजार गांवों में आधे से अधिक गांवों में शतप्रतिशत फसल खराब हो चुकी है तथा शो ग्रामों में 50 से 75 प्रतिशत तक का खराबा है।

राजस्थान में जहां अकाल एक नियमित दुर्भाग्य है, पिछली कांग्रेस सरकार राहत के कार्य अगस्त माह से ही प्रारम्भ कर देती थी, किंतु वहां की वर्तमान सरकार किसानों की इस समस्या से विमुख है। लोगों के पास रोजगार नहीं है तथा भूख की स्थिति पनप रही है। राज्य सरकार के पास प्राकृतिक आपदा कोा में केन्द्र द्वारा आवंटित लगभग 500 करोड़ रुपये जमा होने के बावजूद भी अकाल राहत कार्य शुरू नहीं किये गये हैं।

मेरा माननीय गृह एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जी से निवेदन है कि राजस्थान में अकाल की स्थिति का जायजा लेने केन्द्रीय पर्यवेक्षक टीम भेजें तथा राजस्थान सरकार को निर्देशित करें कि अकाल राहत कार्य शीघ्र शुरू करें।